# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

( बिहार सरकार का एक उपक्रम )

राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

## कार्यालय आदेश

संख्या- BUIDCo/वि0-26/10–311, दिनांक 30/10/19

सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक 21.10.19 को बुडको के कार्यों की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में एजेंडा सं0 2 [स्थापना संबंधी सूचनायें (रिक्ति एवं कार्यरत बल)] के संबंध में बुडको द्वारा तैयार किये गये PPT के माध्यम से बुडको के नियमित एवं संविदा पर नियोजित गैर तकनीकी पदों एवं पूर्व से स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत बल एवं रिक्ति का एवं बुडको के अंतर्गत एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन में अभियंताओं के कुल स्वीकृत/सृजित पदों के विरूद्ध वर्त्तमान में कार्यरत बल एवं रिक्ति का पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को यह भी अवगत कराया गया कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के संकल्प सं0 2690, दिनांक 16.05.18, संकल्प सं0 5727, दिनांक 06.11.18 तथा अधिसूचना–सहपठित ज्ञापांक 3092, दिनांक 15.11.18 के आलोक में बुडको के अधीन एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन में अभियंताओं (मुख्य अभियंता से कनीय अभियंता तक) के स्वीकृत 872 पदों के अनुरूप गैर तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के पदों की स्वीकृति के लिए यह प्रस्ताव तैयार किया गया था। इस बीच नगर विकास एवं आवास विभाग के संकल्प ज्ञापांक 4995, दिनांक 18.09.19 द्वारा बुडको के अधीन एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन में अभियंताओं के स्वीकृत सभी 872 पदों को नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह स्थानांतरण दिनांक 25.09.19 से प्रभावी हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए गैर तकनीकी पदों एवं कर्मियों के पदों की स्वीकृति के लिए फिर से आवश्यकता का आकलन करते हुए संशोधित प्रस्ताव बनाये जाने की आवश्यकता है। इस बिन्दु पर नगर विकास एवं आवास विभाग के संकल्प 4995, दिनांक 18.09.19 सह पठित ज्ञापांक 5288, दिनांक 01.10.19 के परिप्रेक्ष्य में गैर तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव नये सिरे से तैयार कर महापर्व छठ के संपन्न होने के बाद विभाग में समर्पित करने का आदेश दिया गया है।

उक्त आदेश के आलोक में पटना नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बुडको के अधीन अवस्थित सभी DPS/संप हाउस पर कितनी संख्या में कौन–कौन से तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों, अर्द्ध तकनीकी कर्मियों एवं गैर तकनीकी कर्मियों की आवश्यकता होगी, इसके अध्ययन एवं आकलन के लिए समिति का गठन निम्न रूप में किया जाता है:–

| क्रम संख्या। | नाम एवं पदनाम | समिति का पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर,<br>मुख्य अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज, दक्षिण बिहार उपभाग, बुडको। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री रामचन्द्र प्रसाद, मुख्य अभियंता | सदस्य |
| 3. | श्री एस.एन. कुँवर, महाप्रबंधक (प्रशासन), बुडको। | सदस्य |
| 4. | श्री सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (वित्त), बुडको। | सदस्य |
| 5. | श्री सुदर्शन प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), बुडको। | सदस्य |
| 6. | श्री दयाशंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता (असैनिक), मुख्यालय, | सदस्य |

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना।
( बिहार सरकार का एक उपक्रम )
राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

| | | |
|---|---|---|
| | बुडको। | |
| 7. | श्रीमती रूचिका प्रकाश कालरा, कंपनी सचिव, बुडको। | सदस्य |

इस समिति को निदेशित किया जाता है कि बुडको के DPS / संप हाउस के लिए तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मियों एवं गैर तकनीकी / अर्द्ध तकनीकी कर्मियों की आवश्यकता का आकलन करते हुए नये पदों के सृजन एवं पूर्व से स्वीकृत पदों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिनांक–05.11.2019 तक समर्पित करना सुनिश्चित करे।

ह0/-

प्रबंध निदेशक,
बुडको

ज्ञापांक– 5386 /                                        दिनांक– 30/10/19

1. प्रतिलिपिः उपर्युक्त सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/10/19

प्रबंध निदेशक,
बुडको